अगला जन्म भी सांवरे

अगला जन्म भी सांवरे,
लिख ले अपने नाम,
बस इतनी कृपा रखना,
तेरा करता रहूं गुणगान
अगला जन्म भी सांवरे,
लिख ले अपने नाम।

तड़प रहा हूँ इस चाहत में,
ऐसी कृपा कर देना,
इस कृपा का दाम अगर हो,
मनचाहा वो ले लेना,
मैं खुद भी बिक जाऊँगा,
बदले में मेरे सरकार,
अगला जन्म भी सांवरे,
लिख ले अपने नाम।

मेरे काम का मोल भाव एक दिन,
मिलकर के हो जाए,
इस चक्कर में सांवरिया,
कम से कम दर्शन हो जाएँ,
इतना तो मुझ पे करना,
ऐ सांवरिया एहसान
अगला जन्म भी सांवरे,
लिख ले अपने नाम।

इस जनम जितने प्रेमी मुझको,
तेरे दरबार मिले
ये सारे प्रेमी हर जनम में,
मुझको यूँ हर बार मिले
रवि की इस अर्ज़ी को,
तुम कर लेना स्वीकार
अगला जन्म भी सांवरे,
लिख ले अपने नाम।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25777/title/agla-janam-bhi-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |